**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–11 अप्रैल 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- एक दिवसीय दौरे पर आज वाराणसी आएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, तीन हजार आठ सौ अस्सी करोड़ रुपये की लागत वाली विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात।
- आंधी तूफान और आकाशीय बिजली गिरने से हुई जनहानि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जताया शोक, मृतकों के परिजनों को तत्काल चार लाख रुपये की सहायता राशि देने का दिया निर्देश ।
- केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, पीएम कुसुम योजना और गेहूं खरीद की समीक्षा की, केंद्रीय मंत्री ने कहा– बढ़ती उर्जा की मांग को पूरा करने के लिए सही दिशा में आगे बढ़ रहा है उत्तर प्रदेश।
- आज पूरे देश में मनाई जा रही है महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज एक दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आएंगे। वह वहां तीन हजार आठ सौ अस्सी करोड़ रूपये से अधिक लागत वाली विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इनमें वाराणसी रिंग रोड, शहर के भिखारीपुर और मंडुआडीह क्रासिंग पर फ्लाई ओवर और वाराणसी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नौ सौ अस्सी करोड़ रूपये से अधिक लागत की एक राजमार्ग अंडरपास सड़क सुरंग समेत कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास शामिल है। प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने 50वें काशी दौरे पर वाराणसी आएंगे। इस अवसर पर वह सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के मेहंदीगंज में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी और उसके आसपास के जनपद को अरबों रुपए की योजनाओं की सौगात देंगे। हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री की अगवानी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और नगर विकास मंत्री एके शर्मा करेंगे। भारतीय जनता पार्टी ने भी प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए पार्टी के झंडों से पूरे शहर को पाठ दिया है प्रदेश की सरकार के 8 साल पूरे होने के पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में प्रथम बार आगमन हो रहा है ऐसे में प्रदेश सरकार ने भी प्रधानमंत्री की अगवानी के लिए विशेष तैयारी की है। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह ।**

प्रधानमंत्री ने भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से अपने वाराणसी दौरे की जानकारी साझा की है। उन्होंने कहा है कि उन्हें बाबा विश्वनाथ के आशीर्वाद से हमेशा वाराणसी में विकास कार्यों को एक नई गति देने की प्रेरणा मिलती रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके सोशल मीडिया पोस्ट को साझा करते हुए प्रधानमंत्री का प्रदेश आगमन पर स्वागत किया है और लोक कल्याणकारी सौगातों के लिए प्रदेशवासियों की तरफ से आभार भी जताया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में आंधी तूफान और आकाशीय बिजली से हुई जनहानि पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने दुखद हादसे के मृतकों के परिजनों को चार लाख रुपये की सहायता राशि तत्काल देने का निर्देश दिया है। राहत आयुक्त कार्यालय के अनुसार कल आंधी तूफान और बिजली गिरने के कारण अलग अलग जिलों में बाईस लोगों और पैंतालिस पशुओं की मौत हो गई। साथ ही पंद्रह मकान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

प्रदेश के अधिकांश जिलों में कल आंधी के साथ बारिश होने से मौसम बदल गया। लखनऊ, कानपुर, सीतापुर, हरदोई, हमीरपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, चंदौली, फतेहपुर, गोरखपुर और बलिया सहित विभिन्न जनपदों में तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इससे लोगों को पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से राहत भी मिली है। हांलाकि खेतों में गेहूं की खड़ी फसल प्रभावित होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि आंधी तूफान के कारण फसलों को जो भी नुकसान हुआ है उसकी भरपाई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत की जायेगी। वहीं, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों पर गेहूं के सुरक्षित भंडारण का पूरा ध्यान रखा जाए।

**********

सर्वोच्च न्यायालय वक्फ संशोधन अधिनियम दो हजार पचीस की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सोलह अप्रैल को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी।

केंद्र सरकार ने एक दिन पहले इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय में कैविएट दाखिल किया। कैविएट आवेदन वादी यह सुनिश्चित करने के लिए दाखिल करता है कि बिना उसका पक्ष सुने उसके खिलाफ कोई प्रतिकूल आदेश पारित न किया जाए।

**********

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, पीएम कुसुम योजना और रबी विपणन वर्ष दो हजार पचीस छब्बीस में गेहूं खरीद पर चर्चा के लिए एक संयुक्त समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि बढ़ती ऊर्जा की मांग को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय मंत्री को भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा और गेहूं क्रय में अपना बेहतरीन परिणाम देने का प्रयास करेगा।

**पीएम सूर्यघर और गेहूँ का जो प्रोक्योरमेंट है उसके बारे में हमारा डिटेल मीटिंग हुआ है हमने इससे पहले भी माननीय मुख्यमंत्री से बातचीत हुआ था और ए.के शर्मा जी से भी मेरा बातचीत हुआ था रिकॉर्डिंग हमारा पीएम सूर्यघर ओवरऑल रिन्यूएबल एनर्जी के बारे में तो मुख्यमंत्री जी ने हमको आश्वस्त किया है की अभी तो अच्छे ही चल रहा है उसके साथ ही साथ जो टारगेट है वो टारगेट हम सबसे आगे रहेंगे ऐसे उन्होंने आश्वस्त किया है।**

उन्होंने लखनऊ स्थित बख्शी का तालाब क्षेत्र में पीएम कुसुम योजना के तहत निजी ऑन–ग्रिड पम्प के सोलराइजेशन का स्थलीय निरीक्षण भी किया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा भी मौजूद रहे। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि पीएम कुसुम योजना के अन्तर्गत लाभार्थी को नब्बे प्रतिशत तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

**वर्तमान में जो प्रोजेक्ट देखने माननीय मंत्री जी आए हैं। वो सी पीएम कुसुम योजना नाम की एक योजना है और उसके भी दो भाग हैं। एक सी–1 बोलते हैं, एक सी2 बोलते हैं। तो ये वर्तमान में हम लोग सी–1 योजना के क्रियान्वयन के दृष्टि से हैं खड़े हैं। जिसमें 90 प्रतिशत किसानों को सब्सिडी देती है। जो बिजली पर आधारित पंप थे, ट्यूबवेल सिचाई के थे, उनको सोलर पर आधारित पर शिफ्ट करने के लिए, 90 प्रतिशत हम सामान्य किसान को और 100 प्रतिशत मुसहर, वनटांगिया जैसे लोगों को हम देते हैं।**

**********

केंद्र ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण–पीएम पोषण योजना के अंतर्गत सामग्री लागत में नौ दशमलव पांच–शून्य प्रतिशत की वृद्धि की है। यह योजना केंद्र प्रायोजित है। एक रिपोर्ट–

**सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में बाल वाटिका तथा पहली से आठवीं तक पढ़ने वाले ग्यारह करोड़ से अधिक विद्यार्थियों को गर्म पका हुआ भोजन परोसा जाता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि नई दरें पहली मई से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू होंगी। इस वृद्धि के कारण केंद्र सरकार पर वर्ष 2025–26 में 954 करोड़ रुपये की अतिरिक्त लागत आएगी। दीपेन्द्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से राजेश कुमार मीणा।**

**********

आज प्रसिद्ध समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। अमरोहा जिले में उनकी जयंती पर आज विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के अन्य जिलों में भी अलग अलग कार्यक्रमों के जरिये उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है।

**********

भारतीय जनता पार्टी ने अपने स्थापना दिवस कार्यक्रम के तहत कल से गांव चलो गली चलो अभियान शुरू किया। यह तेरह अप्रैल तक चलेगा। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल ने अभियान के तहत बाराबंकी जिले के सदर विधानसभा के देवा मंडल के पीड़ गांवके मंदिर परिसर के सफाई कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

**********

थाईलैंड में सात अप्रैल से शुरू होकर कल तक चलने वाले प्रथम थाईलैंड किक बॉक्सिंग वर्ल्ड कप प्रतियोगिता में वाराणसी की पूजा पटेल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। पूजा ने पचास किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में रजत पदक जीता है। प्रदेश में खेल जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं भी दी हैं।

**********

कल मनाए जाने वाले अन्तर्राष्ट्रीय स्ट्रीट चिल्ड्रेन डे के उपलक्ष्य में गोरखपुर जिले में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता शुरू हो गई है। गली बड्डी नामक यह तीन दिवसीय आयोजन कल शाम से क्षेत्रीय क्रींडांगन गोरखपुर में शुरू हुआ।

**********